विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम-शुक्रवार के लिए निर्धारित डॉ० मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर-

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 5- (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि ग्राम-चतुरीखेड़ा, तहसील-सदर, जनपद-लखनऊ में कितने व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास पाने हेतु पात्र है? | परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या-2692/विधान सभा परिषद/अतारांकित प्रश्न/2023-24, दिनांक 24.012024 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के अनुसार ग्राम चतुरीखेड़ा, ग्राम पंचायत-सिरगामऊ, विकास खण्ड-काकोरी, तहसील-सदर, लखनऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत SECC-2011 की स्थायी पात्रता सूची एवं आवास प्लस की स्थायी पात्रता सूची के अनुसार कुल 17 लाभार्थी पात्र हैं। सभी 17 पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध करा दिया गया है। वर्तमान में ग्राम चतुरीखेड़ा में कोई पात्र लाभार्थी आवास आवंटन के लिए शेष नहीं है। |
| (ख) दिनांक 01 जनवरी, 2021 से 08 जनवरी, 2023 तक कितने व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास प्राप्त हुये हैं? | दिनांक 01 जनवरी, 2021 से 08 जनवरी, 2023 तक ग्राम चतुरीखेड़ा में कुल 05 व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास उपलब्ध कराया गया है। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | विवरण संलग्न है। |

**केशव प्रसाद मौर्य,**
**उप मुख्यमंत्री।**

**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम-शुक्रवार के लिए निर्धारित डॉ० मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-5 का विवरण**

- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम चतुरीखेड़ा में SECC सूची-2011 एवं आवास प्लस (पी0डब्लू0एल0) से वर्ष 2016-17 से 2023-24 तक कुल 17 पात्र लाभार्थियों को आवास से लाभान्वित कराया गया था। वर्तमान में SECC सर्वेक्षण 2011 एवं आवास प्लस की स्थायी पात्रता सूची में ग्राम चतुरीखेड़ा का कोई पात्र लाभार्थी शेष नहीं है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिरगामऊ में भारत सरकार द्वारा आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष वर्ष 2021-22 में 02 आवास स्वीकृत किये गये थे, परन्तु चतुरीखेड़ा में कोई भी आवास स्वीकृत नहीं किया गया था। वर्ष 2022-23 में 07 आवास स्वीकृत किये गये, जिसमें ग्राम चतुरीखेड़ा के 05 लाभार्थी थे। वर्ष 2023-24 में सूची में कोई लाभार्थी शेष नहीं था।
- अतः ग्राम चतुरीखेड़ा में दिनांक 01 जनवरी, 2021 से 08 जनवरी, 2023 तक कुल 05 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया है। सम्प्रति सूची में कोई भी लाभार्थी आवास आवंटन के लिए अवशेष नहीं है।